समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



कक्षा - 7

हिंदी (पल्लव)

अध्याय – 4

मेरी राजस्थान यात्रा

भाग – 2

मिताली कुमारी

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



मेरी राजस्थान यात्रा का एक अविस्मरणीय पल है अजमेर शरीफ की दरगाह में बिताया गया कुछ समय। महान सूफी संत ख्वाजा मोइनुद्दीन चिस्ती की याद में बनी इस दरगाह में देशी-विदेशी पर्यटकों की भीड़ देखने को मिली। हमलोगों ने भी दरगाह में जाकर मन की मुरादें पूरी कीं। वहाँ चल रही कव्वाली को सुनकर दिल खुश हो गया। इसके बाद पास के पुष्कर झील में जा पहुँचे।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



हमें पता चला कि यहाँ ऊँटों का विश्व प्रसिद्ध मेला लगता है, जिसमें हजारों की संख्या में ऊँट खरीदे और बेचे जाते हैं। लेकिन दुर्भाग्यवश हमें वह मेला देखने को नहीं मिला।

इसके बाद हम राजस्थान के हिल स्टेशन माउंट आबू पर पहुँचे। हमने पूरे एक दिन और एक रात वहाँ बितायी। वहाँ का प्राकृतिक सौंदर्य देखकर हम अभिभूत हो गए।


प्राकृतिक सुंदरता और सुहाने मौसम के लिए इसे राजस्थान का स्वर्ग भी कहा जाता है। यहाँ का ऐतिहासिक मंदिर और प्राकृतिक खूबसूरती पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती है।

पर्यटन के संदर्भ में राजस्थान का एक और महत्वपूर्ण आकर्षण है जैसलमेर शहर। अपनी यात्रा का असली आनंद तो हमने यहीं उठाया। यहाँ हमने देखा कि शहर के सारे प्राचीन भवन पीले-भूरे रंग के पत्थरों से बने हैं।

इसीलिए यह शहर राजस्थान का 'स्वर्ण शहर' भी कहलाता है। यह क्षेत्र विशाल थार मरुस्थल का एक बड़ा भाग है जिसके कारण यहाँ केवल रेत ही रेत दिखाई देता है। पूरे इलाके में विभिन्न आकार- प्रकार के बालू के ऊँचे-ऊँचे टीलों का विशाल सागर-सा दिखाई देता है। रेत के टीलों का यह अथाह सागर राजस्थान का असल अहसास कराता है। सूर्यास्त के समय यहाँ काफी खूबसूरत नजारा होता है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation



इस विशाल रेगिस्तान में सभी पर्यटक ऊँट की सवारी का आनंद अवश्य उठाते हैं। हमने भी ऊँट की सवारी का आनंद उठाया। शुरू-शुरू में तो इतने ऊँचे ऊँट की पीठ पर चढ़ते हुए मुझे बहुत डर लग रहा था। मगर साहस करके एक बार चढ़ने के बाद जब ऊँट अपनी लचकदार लंबी गर्दन हिलाते हुए रेत पर चलने लगा तो मुझे बड़ा मजा आ रहा था। ऊँट की सवारी करते हुए मुझे लग रहा था मानो मैं युद्ध में जा रही कोई राजपूत वीरांगना हूँ। उस क्षण को याद करके मैं अब भी रोमांचित हो जाती हूँ।



यात्रा में हमें राजस्थान के प्रसिद्ध नृत्य 'घूमर', जो उत्सवों के अवसर पर महिलाओं द्वारा किया जाता है, देखने को मिला। साथ ही कठपुतली की कला भी देखने को मिली जिससे हमें बहुत ही आनंद आया। पूरी राजस्थान यात्रा के दौरान हम कई स्थानीय लोगों से मिले और उनसे बातचीत भी की। यहाँ पुरुष का पारंपरिक पहनावा धोती और कुर्ता है। सिर पर पगड़ी भी बाँधी जाती है।

महिलाएँ लहंगा और ओढ़नी पहनती हैं। पूरे राज्य में संपर्क भाषा के रूप में हिंदी और राजस्थानी भाषाओं का प्रयोग होता है। हिंदी समझने और बोलनेवाले लोग पूरे राज्य में कहीं भी अपने को अजनबी महसूस नहीं करने देते। यात्रा के दौरान हमने शाकाहारी स्वादिष्ट भोजन के स्वाद का भरपूर आनंद उठाया। वहाँ के लोगों से मिलकर मुझे लगा कि वे काफी मिलनसार और अतिथि-परायण होते हैं।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

रेगिस्तानी इलाके में बरसात बहुत कम होती है और यहाँ पानी भी सहज ही उपलब्ध नहीं होता। गर्मी के मौसम में तापमान भी काफी अधिक हो जाता है। लेकिन राज्य के दूसरे हिस्से में मौसम सामान्य रहता है। यह एक अति मनोरम और विविधताओं से भरा हुआ राज्य है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation

हमारी छुट्टियाँ समाप्त हो रही थीं। हमें तय समय पर लौटना जरूरी था। मुझे अभी भी लगता है कि राजस्थान में और बहुत कुछ हैं जो हम देख नहीं सके। आप लोग भी मौका मिले तो राजस्थान जरूर जाइए। पर्यटन स्थल के रूप में यह एक बहुत ही आकर्षक और देखने लायक जगह है।

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

Under CSR Support by
ipca | Foundation


आलेख को पूरा करने के बाद निकिता ने उसे लिफाफे में भरा। फिर लिफाफे पर स्थानीय हिंदी अखबार के संपादक महोदय का नाम-पता लिखकर अपने पिताजी को सौंप दिया।



मूल्यांकन



1 | असम में ऊँटों का विश्व प्रसिद्ध मेला लगता है ।



A शुद्ध

B अशुद्ध

मूल्यांकन



2 | जयपुर शहर राजस्थान का 'स्वर्ण शहर' कहलाता है ।

A शुद्ध

B अशुद्ध

समग्र शिक्षा
Samagra Shiksha
समग्र शिक्षा

मूल्यांकन

Under CSR Support by
ipca | Foundation



3 | राजस्थान के प्रसिद्ध नृत्य 'घूमर' हैं ।

A शुद्ध

B अशुद्ध